अपराध पीड़ित सहायता सेवा (RIKU) मानव तस्करी या इसी प्रकार के शोषण के पीड़ितों के लिए एक विशेषीकृत सेवा प्रदान करता है।

हमसे संपर्क करें, यदि:

- अगर आपको धोखे से ऐसी स्थिति में फँसा दिया गया है, जहाँ से बिना परेशानी के निकल पाना संभव नही है।
- अगर कोई आपका शोषण कर रहा है, जैसे आपको अत्यंत कम वेतन दे रहा है, आपको यौन सेवाएँ देने के लिए, अपराध करने या आपकी इच्छा के विरुद्ध अन्य कार्य करने के लिए मजबूर करना या छलपूर्वक प्रभावित कर रहा है।
- अगर कोई आप क्या करते हैं, कहाँ जाते हैं और किससे बात करते हैं इस बातों पर नियंत्रण रखता है।
- अगर कोई व्यक्ति आप पर दबाव डालकर या धमकी देकर अपनी बात मनवाने की कोशिश करता है, जैसे आपकी निजी जानकारी उजागर कर के, आपको देश से निर्वासित करवाने की बात कर के , अधिकारियों को रिपोर्ट करने की बात कर के , और आपको या आपके परिवार को नुकसान पहुँचाने की धमकी देता है ।
- अगर कोई आपसे फ़िनलैंड आने के लिए पैसे मांगता है, उदाहरण के लिए नौकरी, वीज़ा या निवास परमिट के नाम पर पैसे मांगता है।
- अगर आप नियमित रूप से बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के प्रतिदिन 8 घंटे से अधिक या देर रात तक काम करते हैं; आपको प्रति सप्ताह औसत 2 दिन से भी कम छुट्टी मिलती है, या आपको सवैतनिक बीमारी छुट्टी या वार्षिक छुट्टी नही मिलती है ।
- आपको डर है कि शादी या रिश्ता तोड़ने पर आपको नुकसान पहुंचाया जा सकता है या आपको रिश्ते में ज़बरदस्ती डाला गया है।

यदि इनमें से कुछ भी सच है या अगर आपको लगता है कि आप या आपके किसी करीबी को मानव तस्करी या इसी तरह के शोषण का शिकार बनाया जा रहा है, तो कृपया हमें फोन या मैसेज द्वारा संपर्क करें:

+358 40 632 9293
या ईमेल **help@riku.fi**

RIKU
RIKOSUHRIPÄIVYSTYS
VICTIM SUPPORT FINLAND

अपराध पीड़ित सहायता सेवा (RIKU) फ़िनलैंड

यहाँ अपराध के पीड़ितों, उनके परिजनों तथा प्रत्यक्षदर्शियों को मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की जाती है।

ऑनलाइन | फोन के द्वारा | आमने-सामने

सलाह एवं सहायता के लिए अपराध पीड़ित सहायता सेवा (RIKU) फ़िनलैंड से संपर्क करें, यदि:

- आप किसी अपराध के पीड़ित हैं या ऐसा होने का संदेह है
- आपने कोई अपराध देखा है
- आपका कोई करीबी किसी अपराध का पीड़ित है

हमारी सेवाएं पूरी तरह गोपनीय हैं। यदि आप असमंजस में हैं कि अपराध की रिपोर्ट करें या नही, तब भी आप अनाम रूप से हमसे संपर्क कर सकते हैं। हम आपको अपराध की रिपोर्ट के बारे में विस्तार से बताएंगे और यदि आप रिपोर्ट करना चाहते हैं, तो उसमें आपकी मदद भी करेंगे।

कृपया ध्यान दें:

- हम बगैर आपकी अनुमति के आपके या आपके मुद्दा के बारे में किसी को नही बताएंगे।
- हमसे संपर्क करते समय आपको अपने मुद्दा के बारे में विशिष्ट जानकारी देने की जरूरत नही है।
- यदि आप फिनिश, स्वीडिश या अंग्रेज़ी नही बोलते, तो हम हमेशा गोपनीय और पेशेवर दुभाषियों का इस्तेमाल करते हैं।

ऑनलाइन

→ **Riku.fi/trafficking**
→ **Riku.fi/labor-exploitation**

यदि आपको अपने काम में मानव तस्करी या शोषण का संदेह है, तो गोपनीय सहायता एवं सलाह के लिए **help@riku.fi** पर ईमेल करें।

फोन के द्वारा

मानव तस्करी एवं इसी तरह के शोषण के पीड़ितों के लिए हेल्पलाइन
+358 40 632 9293

सोमवार-शुक्रवार दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक
फोन करें या मैसेज भेजें

आमने-सामने

ज़रूरत पड़ने पर, हम RIKU के किसी कार्यालय में आपसे मुलाकात कर सकते हैं।

उपलब्ध होने पर, हम आपके साथ पुलिस स्टेशन या अदालत जाने के लिए किसी प्रशिक्षित व्यक्ति को नियुक्त कर सकते हैं।

आप अपनी भाषा में हमसे संपर्क कर सकते हैं।
RIKU एक गैर-सरकारी संगठन (NGO) है, जिसका किसी भी राजनीतिक या धार्मिक संस्था से कोई संबंध नही है।